तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 कलेक्टर ने किया डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण





बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

7400009183


## किया धरना प्रदर्शन, अस्पतालों में दिखी लम्बी कतार

# एनएचएम के संविदाकर्मियों की बेमियादी हड़ताल, प्रभावित हुईं स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्य करने वाले संविदा स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। एनएचएम की इस हड़ताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ के साथ ही लैब टेक्नीशियन तक शामिल है। इस हड़ताल के साथ ही प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी शहरी, ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं ठप हो गई है। मौसमी बीमारियों के सीजन में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर जाने से मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरगुजा के यूपीएचसी नवापारा में अस्पताल के बाहर मरीजों की लम्बी कतारें देखने को मिली जबकि अस्पताल में महज एक या दो नियमित चिकित्सक ही पदस्थ है।

**खास बात**

- मरीज रहे परेशान



मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर में मरीजों की भीड़।

### इन मांगों को लेकर प्रदर्शन

एनएचएम के संविदा कर्मियों द्वारा संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, योग्यता एवं कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा के साथ ही सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का ध्यान करते हुए अस्पतालों में कार्यरत एचडब्ल्यूसी संगवारी की सेवा निरंतर करते हुए पद को आरओपी में स्वीकृति की मांग की गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश के साथ ही सरगुजा संभाग में भी सैकड़ों की संख्या में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, ⏭ शेष पेज 4 पर

### एसएनसीयू भी हुआ प्रभावित

इतना ही नहीं एनएचएम के कर्मचारी एसएनसीयू में भी तैनात है। पिछली बार के सांकेतिक हड़ताल में एनएचएम ने एसएनसीयू की सेवाएं जारी रखी थी लेकिन इस बार उन्होंने अपनी एसएनसीयू की सेवाएं भी बंद कर दी है जिससे बच्चों के एसएनसीयू में चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की कमी देखी गई।



### अर्बन सीएचसी में दिखी लम्बी कतार

एनएचएम कर्मियों की बेमियादी हड़ताल के कारण पहले दिन ही जिलों में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है। जिला अस्पताल से लेकर पीएचसी, सीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर चले गए है। इस हड़ताल का असर शहर के नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिला जहां अस्पताल के अंदर और बाहर मरीजों की लम्बी लम्बी कतार लगी हुई थी। इस अस्पताल में सिर्फ एक मनोरोग विशेषज्ञ और एक शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक ही नियमित है जबकि शेष अभी सुविधाएं संविदाकर्मियों के भरोसे है। इस अस्पताल में प्रतिदिन की ओपीडी वर्तमान में 450 से 500 के बीच जाती है ऐसे में इस हडताल के कारण अस्पताल आने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



# 20 को मुख्यमंत्री आएंगे सूरजपुर, तैयारियां तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। यह महोत्सव 15 अगस्त से शुरू होकर 6 फरवरी 2026 तक पूरे 25 सप्ताह तक पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। इसी बीच 20 अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सूरजपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस तिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में तिलसिवां रोड स्थित अटल कुंज के समीप मैदान में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव को लेकर कार्यक्रम प्रस्तावित है।

आगामी कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम की रूप रेखा अंतर्गत स्टॉल निरीक्षण, विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास, शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरण इत्यादि कार्यक्रम सम्मिलित है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा लगातार तैयारियों की समीक्षा की जा रही है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। साथ ही कार्यक्रम स्थल का स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा जायजा लिया जा रहा है, ताकि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। इसके साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार मेला, कृषि मेला एवं लोन मेला का आयोजन भी किया जाएगा। इन मेला के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। इसी दिन नया बस स्टैण्ड पर स्थित 25 लाख की लागत से बने अटल परिसर का लोकार्पण प्रस्तावित है।

## खबर संक्षेप

### जमीन बिक्री, निर्माण पर लगी रोक के खिलाफ रैली आज

**अंबिकापुर।** गोधनपुर, फुन्दुरडिहारी क्षेत्र में भूमि के खरीद बिक्री पर लगी रोक और इससे होने वाली परेशानियों से तंग आकर अब क्षेत्र वासियों ने लम्बी लड़ाई का मन बना लिया है। गोधनपुर क्षेत्र के लोगों द्वारा अपनी मांग व समस्याओं को लेकर रैली निकाली जाएगी। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। गोधानपुर क्षेत्र के निवासी अनिल कुमार सिंह, डॉ. लालचंद यादव व अन्य लोगों ने बताया कि भूमि की खरीद बिक्री पर लगी रोक को लेकर 19 अगस्त को रैली निकाली जाएगी। रैली के लिए गोधनपुर, वसुंधराविहार के लोग श्री आंगन शादी कर में एकत्रित होंगे और भूमि को लेकर कलेक्टर द्वारा लगाए विक्रय व निर्माण रोक को हटाने के लिए रैली निकालकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचेंगे और ज्ञापन सौपेंगे। इस दौरान रैली को शांतिपूर्ण तरीके व कानून व्यवस्था का पालन करते हुए संपन्न किया जाएगा।

### जीपीएफ गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों हेतु शिविर 20 से

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं के गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों के निराकरण हेतु महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 20 अगस्त से 22 अगस्त तक अम्बिकापुर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में कार्यालयीन समय में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को उक्त शिविर में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक उपस्थित होकर संबंधित अभिदाताओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराए जाने कहा है।

### नगर सैनिकों की भर्ती के सम्बन्ध में परिणाम जारी

**अम्बिकापुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों की भर्ती कार्यवाही गई है। जिसका परिणाम 8 अगस्त को जारी किया गया है। उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी नगर सेना भर्ती परिणाम जानने हेतु उक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### दिन दहाड़े घर में घूस चोर ले उड़े जेवर व सामान

**अम्बिकापुर।** सरगवां मझलीपारा स्थित एक घर में दिन दहाड़े दाखिल होकर चोरों ने सोने चांदी के जेवर एवं सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सरगवां मझलीपारा निवासी विशाल विश्वास आ. कबीर विश्वास (28 वर्ष) ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को खेत में काम करने गया था जबकि मां इलाज कराने अस्पताल गई थी। शाम को पत्नी माया विश्वास घर में कुंडी लगाकर पड़ोस में कृष्ण जन्माष्टमी पूजा देखने गई थी। शाम 5 बजे घर आई तो देखा दरवाजा खुला व सामान बिखरे हुए थे। घर में चोरी होने की आशंका पर घटना की जानकारी पति को दी। जब पति घर आया और समान की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर के अलावा अन्य सामान गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# पटना में खदान संचालन विस्तार हेतु भूमि देने वाले तीन लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- दर्जनों भू विस्थापितों की नौकरी सम्बन्धी कागजी कार्यवाही अब भी अधूरी,कम्पनी राजस्व शाखा की सुस्त कार्यशैली बनी मुख्य कारण



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान विस्तार के लिए ग्राम पटना में अधिग्रहित भूमि पर कोयला उत्खनन पर सहमति बनने उपरांत आज सोमवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा तीन भू विस्थापितों को नौकरी दिए जाने हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया,गौरतलब है कि ग्राम पटना में खदान विस्तार हेतु पिछले तीन चार माह से जारी जद्दोजहद, ग्रामीणों की नाराजगी और प्रदर्शन होने के बाद अब समझौते के तहत कोयला उत्पादन हेतु पिछले दिनों प्रबंधन से सहमति बन रही है।

इसके पश्चात सोमवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम डॉ संजय सिंह द्वारा पटना गांव के खदान प्रभावित हेमंत कुमार सिंह मरावी पिता सत्यनारायण सिंह,गंगाराम पिता शंभू राम व सोनकेल बाई पिता बैदू राम को नौकरी प्रदान करने के सम्बन्ध में नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।ज्ञात हो कि यहां से कोयला उत्खनन करने एसईसीएल ने 285 खातेदारों की करीब 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है, इसके एवज में 464 लोगों को नौकरी दी जानी है,जिसमें करीब 117 लोगों को ही अब तक नौकरी दी गई थी,जिसमें आज तीन और लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है,करीब सौ प्रकरणों की कागजी कार्यवाही अब भी जारी है।भूमि अधिग्रहण की तिथि में 285 भू स्वामी थे जबकि मुआवजा तिथि को 358 भू स्वामी थे, जिनका मुआवजा 81 करोड़ रुपए निर्धारित हुआ,जिसमें करीब 303 भू स्वामियों को 71 करोड़ की मुआवजा राशि दी जा चुकी है।शेष करीब 52 परिवारों का अब पारिवारिक विवाद अथवा दस्तावेजी खामियों की वजह से मुआवजा अभी लंबित है।

# मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा से पहले दिन 8 छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार से स्टेट कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहले दिन कुल 42 छात्र छात्राओं ने प्रवेश के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है जबकि 8 छात्र छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। वहीं ऑल इंडिया कोटा से भी प्रवेश की प्रक्रिया जारी है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 125 सीटों पर प्रवेश की प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाओं में स्टेट कोटा से 104 सीटें, ऑल इंडिया कोटा से 18 व सेंट्रल पूल कोटा से 3 सीटें निर्धारित है। कॉलेज में ऑल इंडिया कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू कर दी गई है। ऑल इंडिया कोटा में राजस्थान के धौलपुर की अंजली गर्ग ने पहला एडमिशन लिया है। वहीं सोमवार से मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा के अंतर्गत प्रवेश के लिए पहला चरण शुरू हुआ। पहले चरण में स्टेट कोटा में प्रवेश के लिए कुल 101 छात्र छात्राओं की सूची जारी की गई है। जारी की गई सूची में से पहले दिन कुल 42 छात्र छात्राओं ने यूजी की कक्षाओं में प्रवेश के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। कॉलेज में डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, प्रवेश समिति की अध्यक्ष डॉ. रंजना आर्या, को-ऑर्डिनेटर डॉ. परमानंद अग्रवाल, स्क्रूटनी प्रभारी डॉ. आभा एक्का ने छात्र छात्राओं के दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर देर शाम तक स्टेट कोटा पर कुल 8 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया है जबकि शेष छात्र छात्राओं के मंगलवार को प्रवेश लेने की संभावना है। इसके अतिरिक्त ऑल इंडिया कोटा से भी एक छात्र ने उपस्थिति दर्ज की है।


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा | सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं | छात्रावास एवं परिवहन सुविधा | अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं | 5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय | हरा और हाईटेक परिसर | योग्य एवं अनुभवी संकाय | 108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर

लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग

सिटी परिसर

लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

खबर संक्षेप

## निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 अगस्त को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प वार्ड क्रमांक 17 भगत सिंह वार्ड जोड़ा तालाब छठघाट के पास जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा। इस अवसर पर मेसर्स सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस रायपुर दुर्ग भिलाई राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के विभिन्न निजी नियोजकों द्वारा कुल 50 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सिक्योरिटी गार्ड सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं लेवर जैसे पद शामिल हैं जिनके लिए न्यूनतम योग्यता साक्षरता से लेकर स्नातक तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 17,000 रूपए तक का वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

## परेड में एनसीसी ट्रूप ने हासिल किया पहला स्थान

**बैकुण्ठपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस परेड में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी का प्लाटून सीएसएम सोमिल कुमार के नेतृत्व में मार्च पास्ट का शानदार प्रदर्शन किया। परेड जूनियर में एनसीसी के प्लाटून नंबर 6 ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। मुख्य अतिथि विधायक बिलासपुर एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के द्वारा कमांडर सीएसएम सोमिल कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड प्रदान किया गया। पूरे कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स राधेश्याम पैकरा और शिवशंकर राजवाड़े ने शानदार पायलेटिंग करते हुए मुख्य अतिथि की अगुवाई की। एनसीसी परेड की संपूर्ण तैयारी एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कराई गई। परेड जूनियर द्वितीय स्थान विद्यालय के स्काउट दल नायक कमलभान सिंह को शील्ड प्रदान किया गया।

## प्रशासनिक एवं निजी संस्थानों में किया गया ध्वजारोहण

**भैयाथान।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर प्रशासनिक व निजी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय पर्व पर उपस्थित होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम चांदनी कंवर, जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, विकासखंड शिक्षा कार्यालय में जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, अटल सेवा सदन में मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, होली क्रॉस में प्रकाश दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राकेश सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैलेन्द्र गुप्ता, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में रावेंद्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया।

## पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर के बेटे की केलो डेम में डूबने से मौत

**रायगढ़।** रविवार की देर रात लाखा स्थित केलो डेम में पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर के बेटे की डूब कर मौत हो गई। मृतक अपने देर रात अपने दोस्तों के साथ डेम घूमने गया था, इस दौरान यह हादसा हो गया। सोमवार की सुबह पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ केलो डेम पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव मछली मारने के जाल में फंसा मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल छोटे अतरमुड़ा निवासी पीडब्ल्यूडी में पदस्थ सब इंजीनियर डीके प्रधान का बेटा सुशांत प्रधान (25) साल रविवार की देर रात अपने दोस्तों पुरेन्द्र सिंह निवासी गोरखा और अविनाश सारथी निवासी कोष्टापारा के साथ कार से लाखा स्थित केलो डेम पहुंचा था। रात करीब दो बजे वह डेम के पिछले हिस्से में हाथ-मुंह धोने के लिए पानी में उतरा और अचानक गायब हो गया। दोस्तों ने घंटों खोजबीन की लेकिन वह कहीं नहीं मिला।

### बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाएं, कोरिया में करीब 300 कर्मी हैं कार्यरत

# एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले गए हैं। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में लगभग 300 स्वास्थ्यकर्मी एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत हैं। हड़ताल पर चले जाने से जिलेभर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहले ही दिन बंद हो गए। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं के बाधित होने से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही



सूनसान स्वास्थ्य केन्द्र।

है। कोरिया और एमसीबी जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी अपनी मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले गए हैं, इससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कोरिया जिले में 300 स्वास्थ्य कर्मी है, जिनके अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई। हालत यह है कि पहले दिन हड़ताल के चलते जिले में संचालित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर बंद रहे।

उक्त स्वास्थ्य सेंटर में सीएचओं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एनएचएम के तहत भर्ती किए गए है, जो अपनी मांगों को लेकर प्रांतीय पदाधिकारियों के आह्वान पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य विभाग की हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में तालाबंदी की नौबत आ गई है, स्वास्थ्य विभाग वेकल्पिक व्यवस्था भी नहीं बना पा रही है, इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में भी स्वास्थ्य व्यवस्था काफी प्रभावित हुई।

## पटवारियों का ऑनलाइन कार्य बहिष्कार

राजस्व विभाग के पटवारी अपनी प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित तो कर दिया ,लेकिन वे अब ऑनलाइन कार्यो का बहिष्कार शुरू कर दिए हैं, इसके चलते किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं फसल सर्वेक्षण एवं कृषि पंजीयन का ऑनलाइन कार्य को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि उक्त कार्यो के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है, ताकि सर्वेक्षण एवं कृषि पंजीकरण का कार्य प्रभावित न हो, इसके बावजूद किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 32 लाख से अधिक के ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**बैकुण्ठपुर/चरचा कॉलरी।** कोरिया पुलिस ने भूमि धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश कर 32 लाख से अधिक की ठगी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शमीम खान पिता मुमताज खान उम्र 42 वर्ष, निवासी नरसिंहपुर मझगवां थाना बैकुंठपुर के रूप में हुई है। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि विक्रय के नाम पर लाखों रुपए ऐंठे थे।

सुनीता गुप्ता निवासी चरचा से 16.90 लाख रूपए, गिरजा देवी निवासी चरचा से 7.70 लाख रूपए, सिकंदर साव निवासी भट्ठीपारा बैकुंठपुर से 7.90 लाख रूपए, इस तरह कुल 32.50 लाख रूपए की धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है। इन प्रकरणों पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 90/2025, 160/2025 एवं 161/2025 धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि दर्ज किया गया था। आरोपी शमीम लंबे समय से फरार था, जिसे 18 अगस्त को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने नगद व चेक के माध्यम से राशि लेने की बात स्वीकार की है। प्रारंभिक जांच में अन्य पीड़ितों से भी ठगी करने के सबूत मिले हैं। इस गंभीर अपराध का खुलासा पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में हुआ। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डे, उपनिरीक्षक अनिल सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक बालकृष्ण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह, आरक्षक सागर लाल केवट, महिला आरक्षक रंजना एवं सैनिक राजेश टांडे का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने किया डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में चल रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। जिले के कुल 161 गांव में सर्वे होना है। इसमें बैकुंठपुर के 73, पटना के 48, सोनहत के 9 तथा बचरा पोंड़ी के 31 ग्राम शामिल हैं।

सर्वे कार्य गांव के युवाओं द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से किया जा रहा है, इसके तहत खेतों में जाकर फसल एवं भूमि का निरीक्षण कर ऑनलाइन डाटा अपलोड किया जा रहा है। सभी गांवों में सर्वेयर की नियुक्ति हो चुकी है और प्रारंभिक स्तर पर कार्य भी शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने 18 अगस्त को तहसील पटना के ग्राम करजी में पहुंचकर सर्वे की प्रगति



निरीक्षण करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम दीपिका नेताम तथा तहसीलदार प्रतीक जायसवाल को सर्वे की गति तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां अतिरिक्त सर्वेयर नियुक्त करने को भी कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि डिजिटल सर्वे से किसानों को बेहतर सुविधा और योजनाओं का लाभ मिलेगा, इसलिए कार्य को गंभीरता से संपादित किया जाए।

## क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा की मरचुरी बदहाल

■ परिजन बरसात में भीगने को विवश

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा की मरचुरी की स्थिति अत्यंत दयनीय है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण मृतक के परिजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मरचुरी के सामने लगी टाइल्स जगह-जगह टूटी हुई हैं और शेड में लगी फाइबर शीट कई हिस्सों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बरसात के दिनों में इन दरारों से लगातार पानी रिसता रहता है, जिससे वहां खड़े परिजन भींगने को मजबूर हो जाते हैं। बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होने से शोकाकुल परिजन को घंटों खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता है। मरचुरी की यह बदहाल स्थिति विभागीय लापरवाही की सीधी गवाही देती है। मृतक के परिजन को सम्मान और सुविधा देने के लिए मरचुरी का तत्काल मरम्मत एवं सुधार आवश्यक है। इस संदर्भ में महाप्रबंधक बीएन



बदहाल मरचुरी।

झा की भूमिका महत्वपूर्ण है, उन्हें इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करना चाहिए कि मरचुरी की मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए। मरचुरी की स्थिति में सुधार होने से नहीं केवल मृतक के परिजन को सुविधा मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने प्रियजन को गरिमा और सम्मान के साथ अंतिम विदाई देने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बैकुंठपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके रेखा बहन ने समस्त बीके भाई-बहनों एवं नगरवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जन्माष्टमी का त्यौहार हमारे लिए अत्यंत प्रिय है, क्योंकि यह हमारे लाडले नंदलाल श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है। यह पर्व स्नेह, श्रद्धा और भावनाओं को जागृत करने वाला तथा आनंद और उल्लास प्रदान करने वाला है। बीके रेखा बहन ने श्रीकृष्ण के जीवन की आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब आत्मा 16 कलाओं से संपन्न होकर निर्विकारी और अहिंसा परमो धर्म स्वरूप थी, तभी उसे सुंदर कहा गया और जब आत्मा विकारों से प्रभावित हुई तो उसे श्याम कहा गया। पर्व के उपलक्ष्य में सेवा केन्द्र परिसर में आकर्षक झूले, महल एवं सजावट की गई, जिन्हें देखने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गइं, जिनसे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## डूमरकछार में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मना

बिजुरी। नगर परिषद डूमरकछार में जन्माष्टमी का पर्व इस साल बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में पहली बार आयोजित इस सामूहिक कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह उत्सव 16 अगस्त को वार्ड क्रमांक 10 स्थित दुर्गा पंडाल से शुरू हुआ, जहां से भगवान कृष्ण की झांकी निकाली गई। झांकी जैसे ही नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंची श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान डीजे की भक्तिमय धुन पर लोग नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस खास मौके पर नगर परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने पारंपरिक तरीके से मटकी फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ सभापति जितेन्द्र चौहान, रवि सिंह, राकेश दीवान, रंजीत वर्मा, परिषद के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एसईसीएल के लंबित मामलों पर कलेक्टर की सख्ती

**मनेन्द्रगढ़।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्र से जुड़े लंबित मामलों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में अवैध कब्जा हटाने, कर वसूली, जल प्रदाय, बिजली व्यवस्था और स्वच्छता सुधार जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, नई लेदरी, झगराखांड और खोंगापानी के अधिकारियों को कठोर निर्देश दिए कि तय बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करें। इनमें एसईसीएल क्वार्टरों से



अवैध कब्जा हटाने, बकाया कर एवं यूजर चार्ज वसूली, कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, खोंगापानी की जल आपूर्ति और बिजली कटौती की समस्या दूर करने, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, खंडहरनुमा आवासों को ध्वस्त कर भूमि का उपयोग सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर निर्णय लिए गए। साथ ही, अंबेडकर मांगलिक भवन के लिए भूमि चिन्हांकन और एसईसीएल अस्पताल में मिलेट्स कैफे शुरू करने पर सहमति बनी। कलेक्टर ने सभी विभागों को तय निर्देशों का शीघ्र पालन करने के आदेश दिए।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन करेगा 22 को हड़ताल

■ विश्रामगृह में बैठक कर बनीं रणनीति

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के प्रांतीय आह्वान पर कोरिया जिला के समस्त कर्मचारी-अधिकारी का बैठक 17 अगस्त को विश्राम गृह भवन बैकुंठपुर में संपन्न हुआ।



भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में दिए मोदी की गारंटी सरकार के द्वारा वादा की गई थी, उन्हीं गारंटी के परिपालन में कोरिया जिला के समस्त संगठन के कर्मचारी-अधिकारी की संयुक्त बैठक आयोजित हुआ। इसमें केन्द्र के सम्मान प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं वर्ष 2019 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाने, चार स्तरीय वेतनमान, अन्य राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के साथ कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांग पूरा करने के लिए पूर्व में चरणबद्ध ज्ञापन शासन के नाम दिया जा चुका है, आगे चरणबद्ध आंदोलन के तहत 22 अगस्त को प्रेमाबाग धरना स्थल में समय 11:30 बजे से समस्त कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति होकर धरना प्रदर्शन करेंगे एवं समय 2 बजे प्रेमाबाग से मशाल रैली के साथ कुमार चौक तक आकर एसडीएम बैकुंठपुर के माध्यम से शासन को अपनी मांग के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा।



## गोदरीपारा चीफ हाउस में मना स्वतंत्रता दिवस

**कोरिया कॉलरी।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समर्था सेवा समिति की अध्यक्षता में गोदरीपारा चीफ हाउस चिरमिरी में ध्वजारोहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता आइच द्वारा ध्वज फहराए जाने के पश्चात राष्टीय गान गूंज उठा और परिसर देशभक्ति के नारों से प्रफुल्लित हो उठा। समारोह में समिति की अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट सेवा व अनुशासन के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। वहीं समिति की सचिव श्रीमती कंचन जायसवाल ने महिलाओं के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को रेखांकित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। इस अवसर पर समिति की सदस्य श्रीमती प्रमिला, कजरी श्रीवास्तव, सविता सिंह, शिखा श्रीवास्तव, सुनीता कश्यप, किरण जोल्हे, उर्मिला, बेला सोनवानी, कमला और सुमिला ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रेरणादायी हिंदी एवं भोजपुरी गीतों व कविताओं ने वातावरण को राष्टभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की सफलता में संतोष आइच का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर आए हुए अतिथियों को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा मिष्ठान वितरण कर समारोह का समापन किया गया।

## देशभक्ति, एकता और प्रेम का संदेश देने स्वतंत्रता दौड़

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार एवं एसडीएम लिंगराज सिदार, क्रीड़ा अधिकारी विनोद कुमार जायसवाल और जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के मार्गदर्शन में एमसीबी जिले में प्रातः 7 बजे स्वतंत्रता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया।



### रामानुज महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत द्वितीय शिक्षण सत्र में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर श्रीमती नविता शिवहरे, शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य





कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक भईयालाल।

यूएस शुक्ला, पार्षद श्रीमती शिल्पा गुप्ता, श्रीमती ममता गोयल एवं वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती वंदना राजवाड़े अध्यक्ष जनभागीदारी समिति एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण से हुआ। प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने स्वागत उद्बोधत देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सुविधाओं एवं संसाधनों से परिचित कराया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने तिलक व पुष्पवर्षा कर नए छात्रों का स्वागत किया।

समारोह में एनईपी एम्बेस्डर के रूप में बीए से अभय मोदी एवं कुमारी अन्नपूर्णा, बीएससी से नरेश कुमार एवं कुमारी निकिता साहू, बी.कॉम से कृष्णकांत राजवाड़े एवं सुहानी पटवा को परिचय पत्र एवं बैच प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों को बी एवं सी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विशिष्ट अतिथि वक्तव्य में श्रीमती नविता शिवहरे ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण व शिक्षकों से सकारात्मक व्यवहार की प्रेरणा दी।

## घुमंतू व आवारा मवेशियों को मिला आश्रय

**बैकुण्ठपुर।** घुमंतू व आवारा गौवंश की समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्राम पंचायत भाड़ी ने एक सराहनीय कदम उठाया है।

उप सरपंच श्रीमती संगीता सिंह चौहान की पहल और सरपंच, सचिव सहित ग्रामवासियों के सहयोग से यहां गौशाला की स्थापना की गई है, जो अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणादायी संदेश बन गई है। उप सरपंच श्रीमती चौहान ने बताया कि पूर्व में वे अपने घर पर भी आवारा गौवंश की सेवा करती रही हैं, लेकिन जिम्मेदारी मिलने के बाद पूरे गांव की समस्या को देखते हुए सामूहिक पहल की गई। सरकारी भूमि पर निर्मित इस गौशाला में 200 से अधिक गौवंश सुरक्षित रखे गए हैं, इनके भोजन-पानी की व्यवस्था के लिए दो लोगों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि अब आवारा पशु सड़कों



पर नहीं भटकेंगे और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। ग्राम पंचायत भाड़ी के सरपंच शिव बालक पंडो ने कहा कि जहां अन्य गांव शासन की हमर गांव-हमर गौठान योजना का इंतजार कर रहे हैं, वहीं भाड़ी ने स्वयं गौशाला बनाकर यह संदेश दिया है कि सेवा की भावना से कोई भी समस्या हल की जा सकती है। ग्राम सचिव राम विनोद यादव ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल स्थानीय आवारा गौवंश के लिए है, अन्य गांवों के लोग यदि यहां अपने मवेशी छोड़ेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गौ सेवक रिचेश सिंह चौहान ने बताया कि आवारा गौवंश के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती थीं, जिन्हें देखकर मन व्यथित हो जाता था। अब गौशाला बनने से यह समस्या काफी हद तक खत्म हो गई है।



अम्बिकापुर। दादी ग्राम समिति द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में शामिल राधा-कृष्ण के वेश-भूषा में बच्चे।

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन जयंती मनाने नव जागृति समिति का गठन, आदित्य अध्यक्ष

**बिश्रामपुर।** श्री अग्रसेन जयंती को धूमधाम से मनाने गत दिवस अग्र बंधुओ की बैठक नगर के अग्रसेन भवन में रखी गई जिसमें नवीन अध्यक्ष,सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया गया,बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य सुभाष गोयल ने की,यहाँ पर अध्यक्ष पद के लिए आदित्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए नितिन गोयल,सचिव पद के लिए प्रशांत अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।इस दौरान उपस्थित जनों ने गठित नई कार्यकारिणी के सदस्यों को आपसी तालमेल से कार्य करने और अग्रसेन जयंती के भव्य आयोजन किये जाने को लेकर चर्चा की।इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य मोहन लाल गोयल,राजकुमार अग्रवाल,प्रदीप गोयल,विजय गोयल,स्पर्श अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने प्रवेश तिथि बढ़ाने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 की प्रवेश तिथि को आगे बढ़ाने के लिए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति प्रेम प्रकाश सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया है। विश्वविद्यालय एवं उसके अधीन महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त थी। विश्वविद्यालय के द्वारा देर से नतीजे जारी करने एवं पोर्टल से संबंधित समस्याओं के कारण बहुत से छात्र प्रवेश से वंचित रह गए हैं। इस कारण संभाग के सभी कॉलेजों में सीटें बी रिक्त है। छात्रों की इस परेशानी के सामने आने के बाद एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला। मुलाकात के बाद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने जानकारी दी है कि कुलपति ने रजिस्ट्रार को प्रवेश तिथि आगे बढ़ाने बाबत अपनी अनुशंसा भेज दी है। औपचारिकताओं को पूर्ण कर विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र बढ़ी हुई तिथियों की घोषणा कर देगा। इस दौरान अभिषेक सोनी, अंकित जायसवाल, गौतम गुप्ता, ऋषभ जायसवाल, मेघा गुप्ता, मुनेश्वर सिंह, अभिनव काशी, वैभव पांडे, संतोष पटेल सहित कार्यकर्ता और छात्र मौजूद थे।

### सागोन पेड़ काट ले जाने मामले में सुरक्षा विभाग ने पुलिस और डीएफओ को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी स्थित पुराना डीएमक्यू क्वार्टर नंबर 55 के पीछे लगे दो नग विशाल सागोन पेड़ को दिनांक 8 अगस्त को काटकर चोरी कर लिया गया है, उक्त मामले में कंपनी के सुरक्षा प्रहरी उजीत राम ने डीएफओ सूरजपुर समेत बिश्रामपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।सुरक्षा प्रहरी ने वनमंडल अधिकारी और थाना प्रभारी को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि कुमदा सहक्षेत्र स्थित पुराना डीएमक्यू कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 55,जो रेहर खदान में कार्यरत टेंडल बन्सू आत्मज बाबूलाल के नाम पर आबंटित है, यहाँ पर दिनांक 8 अगस्त को उक्त आवास के पिछले हिस्से में लगे दो नग सागौन के विशाल पेड़ को क्वार्टर में रहने वाले सुशांत विश्वास एवं चंपा विश्वास ने उपसरपंच ग्राम कुमदा की मिलीभगत से कटवा कर पार कर दिया गया है,सागौन पेड़ संरक्षित और बेशकीमती लकड़ी की श्रेणी में आता है,उक्त कॉलरी कर्मी द्वारा अपने नाम से आबंटित आवास को सुशांत और चंपा विश्वास को दिया हुआ है,क्वाटर में रहने वाले दोनों व्यक्ति पेड़ काटने के अवैध कार्य में संलिप्त हैं, इसके अलावा प्रबंधक एचआर कुमदा सहक्षेत्र ने भी खान प्रबंधक रेहर खदान को पत्र लिखकर संबंधित कर्मी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

### अतिथि शिक्षक के एक साथ दो स्कूलों में पढ़ाने की जांच हेतु दल गठित

**बिहारपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय में पदस्थ अतिथि व्याख्याता राजकुमार के एक साथ दो राज्य के अलग-अलग स्कूलों में पढ़ाने के मामले की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सोमवार को जारी आदेश 5825 दिनांक 18 अगस्त 2025 के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान फूलसाय मराबी की अध्यक्षता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंछीडांड के प्राचार्य नसीम अंसारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर के प्राचार्य शंभू निषाद मामले की जांच करेंगे। मालूम हो कि हरिभूमि ने 14 अगस्त के अंक में चार सालों से एक साथ दो राज्य के दो स्कूलों में सेवाएं दे रहा अतिथि शिक्षक शीर्षक से प्रमुखता से इस बड़ी गड़बड़ी को प्रकाशित किया था। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर श्रीमती भारती वर्मा ने जांच दल गठित किया है तथा दल को स्वयं उपस्थित होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

## निधन

### हजारी लाल साना



**अंबिकापुर।** शहर के सुभाषनगर निवासी हजारी लाल साना का 16 अगस्त को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र अमित साना ने दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### गढ़वा से लाकर क्षेत्र में करता था सप्लाई

# 80 हजार के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

नशीला इंजेक्शन लेकर बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे युवक को संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 80 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा संभाग में नशे के कारोबारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के दौरान आज टीम को उस समय सफलता हाथ लगी जब गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत आरा निवासी हबीब अंसारी किसी ग्राहक को नशीला इंजेक्शन बेचने के लिए सरगवां पैलेस रोड के पास बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवाई 9707 को खड़ा कर इंतजार कर रहा था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर टीम मौके पर पहुँची तो सरकारी गाड़ी को देख बाइक सवार भगाने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। टीम ने युवक के पास रखे झोले की तलाशी ली तो झोला से 80 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने बाइक व नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरोध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जब्त इंजेक्शन की कीमत लगभग 80 हजार रुपए है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह गढ़वा से नशीला इंजेक्शन लाकर आसपास सप्लाई करता है। रंजीत गुप्ता ने बताया कि बलरामपुर जिले के आरा क्षेत्र नशीले पदार्थ की बिक्री बड़ी मात्रा में की जाती है। इसके पूर्व भी आरा निवासी नूर अहमद को नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।। गढ़वा जिला पूरे छत्तीसगढ़ में नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहा है।



नशीली दवाईयों के साथ आरोपी।

### अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**वाड्रफनगर।** अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी से 19 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जब्त किया है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पवन कुमार साहू अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए शराब लेकर आ रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी देवेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर रघुनाथनगर निवासी 36 वर्षीय पवन कुमार साहू आ. रामजी साहू को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब 36 नग बियर किंग फिशर, 10 नग मैकडॉवेल नंबर कुल 19 लीटर 800 मिली बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



## महुली में पहली बार हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत महुली में पहली बार आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रतियोगिता में कई गोविंदा की टोलियां शामिल हुईं जिन्होंने ऊँचाई पर बंधी मटकी को फोड़ने का प्रयास किया। कुछ टीमें असफल रहीं लेकिन कई टोलियों ने अपनी रणनीति, शक्ति और आपसी तालमेल के बल पर मटकी फोड़ने में सफलता हासिल की। सफलता मिलते ही पूरा मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने भी देर रात तक प्रतियोगिता का रोमांच देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महुली सरपंच रनसाय सिंह खैरवार एवं करौटी ए सरपंच गजमोचन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने मांग की है कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष परंपरा के रूप में जारी रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहर को समझ सकें और गांव की पहचान को और आगे बढ़ा सकें। इस दौरान रामदास जायसवाल, बालक राम जायसवाल, दीपक जायसवाल, मनीष जायसवाल, विष्णु जायसवाल, प्रेम सागर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पेज 1 के शेष...

### एनएचएम के संविदाकर्मियों की...

डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञा, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य चिकित्सक संविदा के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। नियमित चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी के कारण अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रखने की एक बड़ी जिम्मेदारी इन एनएचएम के संविदाकर्मियों पर है। एनएचएम में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी विगत 20-22 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे है और यही वजह है कि संविदाकर्मियों द्वारा वर्षों से दस सूत्रीय मांगों को लेकर समय समय पर ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन किए गए। हाल ही में अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों ने एक बार फिर ज्ञापन सौंपकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी लेकिन शासन से उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। यही वजह है कि सोमवार से एनएचएम के संविदाकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। संविदाकर्मियों के हड़ताल पर जाने से पीएचसी, सीएचसी के साथ ही जिला अस्पतालों में चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से व्यवस्थाएं पहले दिन ही चरमरा गई। इस दौरान संविदा कर्मियों ने संभाग मुख्यालय के एसबीआई कलेक्टोरेट ब्रांच के सामने धरना प्रदर्शन किया।

## छात्रावास अधीक्षिका की शिकायत, जांच में पहुंचे अधिकारी

- विकासखंड बम्हनीडीह के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा का मामला

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा के प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ हुई शिकायत की अधिकारियों ने जांच की। छात्रावास पहुंचे सहायक जिला समन्वयक और प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जांच की।

गौरतलब है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में पदस्थ प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ जन भागीदारी एवं छात्रावास विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अलावा जिला के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। प्रभारी अधीक्षिका पर छात्रावास से नदारत रहने का आरोप लगाया गया था। साथ ही मूल विद्यालय में भेजने की मांग भी की गई थी। जिला के उच्च अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से लेते हुए निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। शनिवार 16 अगस्त को अंजना सिंह सहायक जिला समन्वयक अधिकारी जांजगीर चांपा एवं उनके साथ में रत्ना थवाईत प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह जांच में पहुंचे। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा के निरीक्षण में पहुचे। अधिकारियों के निरीक्षण में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में पहुंचने पर कई प्रकार की खामियां पाई गई। जांच में पहुंचे दोनों अधिकारियों के द्वारा जांच प्रतिवेदन बनाकर उच्च कार्यालय को प्रेषित करने की बात की गई है। इस संबंध में जन भागीदारी एवं छात्रावास विकास समिति के लोगों और अभिभावकों का कहना है कि प्रभारी अधीक्षिका की मनमानी से यहां अध्ययनरत लगभग 150 बालिकाएं को एवं छात्रावास स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




**सही मिली शिकायत**

जांच में शिकायत सही पाई गई है। वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

-अंजना सिंह,
सहायक जिला समन्वयक
जांजगीर-चांपा

**भेजे हैं प्रतिवेदन**

निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय में भेज दिया गया है। कार्यवाही वहीं से होगी ।

-रत्ना थवाईत,
प्रभारी बीईओ,
बम्हनीडीह

### बकाया राशि भुगतान को लेकर युवक कांग्रेस करेगी आंदोलन

**बिश्रामपुर।** पिलखा क्षीर में दूध सप्लाई करने वाले किसानों की लाखों रुपए की बकाया राशि का वर्षों बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, इससे नाराज युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर कलेक्टर को सोमवार को ज्ञापन देकर 20 अगस्त को एनएच 43 सिलफिली में चक्काजाम व धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही है।युवक कांग्रेस की तरफ से बताया गया कि इस संबंध में 8 जुलाई 2025 को पहला आवेदन प्रशासन को सौंपा गया है,लेकिन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सूरजपुर द्वारा दिया गया जवाब मामले से हटकर और असंतोषजनक था,इसके बाद भी 5 अगस्त को पुनः लिखित आवेदन कलेक्टर को सौंपा गया, जिसमें स्पष्ट मांग की गई थी कि पिलखा क्षीर के बकायादारों की लाखों रुपए की राशि का भुगतान 10 दिन के भीतर कर दिया जाए,लेकिन आज तक न तो भुगतान हुआ और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल दिखी है।




## कांग्रेस ने सरगुजा में भी शुरू किया मतदाता सूची में सर्वे का काम, दरिमा क्षेत्र से की गई शुरुआत

**अंबिकापुर।** राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को उजागर करने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा 8 अगस्त को सरगुजा जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को मतदाता सूचियों का सर्वे कर संदेहास्पद मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दरिमा ने पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में योजनाबद्ध रूप से इस सर्वे के कार्य को प्रारंभ कर दिया है। वोटर लिस्ट की गड़बड़ियों को पकड़ने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और बूथ कमेटियों का एक ट्रेनिंग सत्र करजी फार्म में आयोजित किया गया। ट्रेनिंग के उपरांत पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं के घर जाकर उन्हें मतदाता सूची के सत्यापन का तरीका बतलाया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि ग्राम करजी में इस जमीनी प्रशिक्षण के दौरान मतदाताओं के कुछ ऐसे नाम सामने आए हैं तो कभी भी यहां के निवासी नही रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता सूचियों का गहन सर्वे कर गड़बड़ियों पर विस्तृत प्रतिवेदन दिया जाएगा। इस दौरान दरिमा ब्लॉक प्रभारी सरिता महंत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नारद गुप्ता, नीलेश कश्यप, उत्तम राजवाड़े, पारस राजवाड़े, विनोद राजवाड़े, विकास सिंह, प्रसून सिंह, अरुण गुप्ता, रवि बड़ा, दया एक्का, परमेन्द्र सरजाल, रामसाय, संजीव कश्यप, भीमसेन, राकेश सोनी, अनिल कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, जयपाल यादव, सुमित कुशवाहा, रवि शंकर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।






